# कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी,बहराइच।

पत्रांक– /जि0का0अधि0/आ0बा0कार्यकत्री चयन/विज्ञप्ति/2024–25/दिनांक– 18.12.2024

## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या 19/2023/3975/58–1–2022 –2/1(22)10 टी0सी0 दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद बहराइच के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत वैकेन्सी मैनेजमेण्ट पोर्टल https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने है।

रिक्त पदों का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत् है–

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | शहरी/ग्रामीण | रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | बलहा | ग्रामीण | 45 |
| 02 | हुजूरपुर | ग्रामीण | 27 |
| 03 | जरवल | ग्रामीण | 33 |
| 04 | कैसरगंज | ग्रामीण | 26 |
| 05 | महसी | ग्रामीण | 35 |
| 06 | मिहीपुरवा | ग्रामीण | 66 |
| 07 | नगर | शहरी | 34 |
| 08 | नवाबगंज | ग्रामीण | 27 |
| 09 | पयागपुर | ग्रामीण | 19 |
| 10 | रिसिया | ग्रामीण | 39 |
| 11 | तेजवापुर | ग्रामीण | 34 |
| 12 | विशेश्वरगंज | ग्रामीण | 21 |
| 13 | शिवपुर | ग्रामीण | 36 |
| 14 | चितौरा | ग्रामीण | 69 |
| 15 | फखरपुर | ग्रामीण | 87 |
| योग– | | | **598** |

उक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड, बाल विकास परियोजना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के साथ ही वैकन्सी मैनेजमेण्ट पोर्टल https://upanganwadibharti.in पर अपलोड कर दिया गया है। विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु नियम एवं शर्ते निम्नवत् है–

01– विज्ञापित पदों पर केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगीं।

02– चयन की समस्त कार्यवाही शासनादेश संख्या 19/2023/3975/58–1–2022 –2/1(22)10 टी0सी0 दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित प्रक्रिया के अधीन होगीं।

03– आंगनबाड़ी कार्यकत्री हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट अथवा उसके समकक्ष होगीं।

04– आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड (नगर निकाय की स्थिति में)/ग्राम पंचायत (ग्रामीण क्षेत्र की स्थिति में) की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।

05– आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि (01.07.2024) को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष होगीं।

06– ग्राम सभा/वार्ड में विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता को वरीयता दी जायेगीं।

07– विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर की प्रमाणित नकल मान्य होगीं। तलाकशुदा/परित्यक्ता के सम्बन्ध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश ही मान्य होगा।

08– जो पद जिस श्रेणी हेतु आरक्षित है, उसी श्रेणी के आवेदन मान्य होगें। अनारक्षित श्रेणी के पदों पर किसी भी जाति के आवेदन स्वीकार किये जा सकेगें।

09– आय/ई0डब्लू0एस0 के सम्बन्ध में तहसील द्वारा निर्गत नवीन (विज्ञापन जारी होने की तिथि से छः माह के पूर्व का मान्य नहीं) ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत आय/ई0डब्लू0एस0 प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। निवास एवं जाति के सम्बन्ध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास व जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होगें।

10– विज्ञापित पदों हेतु केवल वैकेन्सी मैनेजमेण्ट पोर्टल https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर स्वीकार होगें। ऑफलाइन आवदेन फार्म किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेगें, समस्त चयन की कार्यवाही उक्त पोर्टल के माध्यम से की जायेगीं।

11– आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध फार्मेट पर ऑनलाइन व सही–सही सावधानी पूर्वक भरना होगा, किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदन फार्म निरस्त हो जायेगा जिसके लिए आवेदिका स्वयं उत्तरदायी होगीं। आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्व हस्ताक्षरित प्रति जो स्वच्छ व पठनीय हो अपलोड किया जाना अनिवार्य है, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन फार्म में किया गया हो।

12– उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवदेन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट **https://upanganwadibharti.in** पर भी उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु तहसील कार्यालय/खण्ड विकास कार्यालय/बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अथवा विकास भवन में कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास) बहराइच से कार्यालय दिवस में निर्धारित समायावधि में प्राप्त की जा सकती है।

13– एक ही श्रेणी में एक से अधिक पात्र अभ्यर्थियों के उपलब्ध होने की दशा में सभी अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट बनायी जायेगीं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सभी पदो के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यिता इण्टरमीडिएट या समकक्ष एवं अधिकतम शैक्षिक योग्यिता परास्नातक के आधार पर मेरिट बनायी जायेगीं।

14– समस्त परीक्षाओं के अंक जोड़ने के पश्चात मेरिट लिस्ट तैयार की जायेगीं। यदि एक से अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते है, तो अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगीं। यदि एक से अधिक अभ्यर्थी के अंक व आयु भी समान हो, तो अधिक शैक्षिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगीं।

15– आंगनबाड़ी सहायिका पद पर चयन हेतु निदेशालय के निर्देशानुसार पृथक से विज्ञप्ति निर्गत की जायेगीं।

16– विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 09-01-2025 को रात्रि 12 बजे तक होगीं।

(राज कपूर)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
बहराइच।

**पृष्ठांकन संख्या–** सी.-3468 **/तददिनांक**

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।
02. जिलाधिकारी, महोदया बहराइच।
03. मुख्य विकास, अधिकारी महोदय बहराइच।
04. जिला सूचना अधिकारी, महोदय बहराइच।
05. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, बहराइच को इस निर्देश के साथ कि विज्ञप्ति की प्रति उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी/बाल विकास परियोजना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराते हुए व्यापक प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।
06. प्रधान सम्पादक, दैनिक जागरण एवं हिन्दूस्तान को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त विज्ञप्ति न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के साथ ही बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

10/12/24

जिला कार्यक्रम अधिकारी
बहराइच।